चुटकी भजाये हनुमान प्रभु का करे ध्यान

चुटकी भजाये हनुमान प्रभु का करे ध्यान जमाई ले न पाये भगवान,
हनुमान तेरी जय हो बलवान तेरी जय हो पाया तूने प्रभु जी से ये समान,

भक्ति निराली शक्ति निराली संकटो से मुक्ति दिलाने वाली,
कहते भगवान् है वीर हनुमान है सीता माता कहे तू प्यारा बजरंग बलि,
तूने सीना चीर के सब को दिखाया सीता और राम जी का दर्शन कराया,
तेरी महिमा है सब से महान
चुटकी भजाये हनुमान प्रभु का करे ध्यान जमाई ले न पाये भगवान,

तू सोटे वाला अंजनी का लाला हाथो में पर्वत उठाने वाला,
सिंदूर माता ने थोड़ा लगाया तूने तो सिंदूरी कर ली काया,
तूने मन जीता सीता सती का,तूने प्यार पाया सीता पति का,
गाये वैरागी तेरे गुण गान,
चुटकी भजाये हनुमान प्रभु का करे ध्यान जमाई ले न पाये भगवान,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10723/title/chutki-bhjaye-hanumaan-prabhu-ka-kare-dhyaan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |